5	विकलांगों का आर्थिक पुर्नवास – 1. ऋण प्रकरण तैयार करना 2. बैंकों से ऋण	म0प्र0 पिछड़वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम / म0प्र0 आदिवासी वित्त एवं विकास निगम / म0प्र0	 1 माह 1 माह	कलेक्टर	 15 दिन

	स्वीकृति 3. व्यवसाय स्थापित करना 4. वृति कर हेतु प्रमाण पत्र	अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, म0प्र0 वि0 विकास समिति	7 दिन —	— —	— —
6	संस्थागत अनुदान (स्वैच्छिक संस्था को मान्यता एवं अनुदान) 1. आवेदन पत्र की जांच एवं परीक्षण 2. जिला योजना समिति के समक्ष प्रस्तुति 3. जिला योजना समिति के अनुमोदन उपरांत भुगतान (अथवा वरिष्ठ कार्यालय को अग्रेषण)	उप संचालक पंचायत एवं समाज सेवा कृते कलेक्टर	21 दिन 1 माह 15 दिन (बजट उपलब्ध होने पर)	क्लेक्टर	15 दिन
7	सेवा निवृत/मृत्यु पर— 1. अवकाष नगदीकरण की स्वीकृति 2. उपादान एवं पेशन 3. परिवार कल्याण निधि का भुगतान 4. सामान्य भविष्य निधि का भुगतान 5. परिवार अनुग्रह राषि (एक्सग्रेसिया) 6. अन्य भुगतान	कार्यालय प्रमुख	एक माह एक माह तीन माह तीन माह तीन दिन एक माह	जिला प्रमुख/विभागाध्यक्ष	15 दिन 15 दिन 15 दिन 15 दिन 7 दिन 15 दिन
8	सूचना क अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों में नकल प्रदाय	कार्यालय/जिला/सस्था प्रमुख	15 दिन	क्लेक्टर/विभागाध्यक्ष	15 दिन
9	सूचना के अधिकार के अंतर्गत अभिलेखों के अवलोकन की सूचना देना	कार्यालय/जिला/ संस्था प्रमुख	15 दिन	क्लेक्टर/विभागाध्यक्ष	15 दिन
10	सूचना के अधिकार के अंतर्गत अभिलेखों के अवलोकन की सुविधा देना	कार्यालय/जिला/ संस्था प्रमुख	15 दिन	क्लेक्टर/विभागाध्यक्ष	15 दिन

2. सिटीजन चार्टर के तहत वर्णित विभिन्न प्रकार के आवेदनों को यदि विहित अधिकारी/प्रभारी अधिकारी द्वारा समय पर निराकरण किया जाता और न ही अपील कर्ता पर संबंधित अधिकारी समय–सीमा में कार्यवाही नहीं की जाती है तब ऐसी स्थिति में आम नागरिक राज्य शासन को ई–मेल पर अथवा सीधे आवेदन कर सकते हैं।

3. सिटीजन चार्टर के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही सुनिष्चित की जाए –

1. सिटीजन चार्टर के अनुसार सेवाऐं प्रदान किए जाने के संबंध में समय सीमा दर्षाते हुए प्रत्येक कार्यालय के बाहर एक बोर्ड लगाया जाए।
2. इस व्यवस्था के तहत परिषिष्ट ''अ'' में बताये गये विषय पर संबंधित कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने पर विहित/प्रभारी अधिकारियों द्वारा आवेदनों का सकारात्मक रूप से तकनीकी आधार पर आवेदन निरसत नहीं किये जाये।
3. सिटीजन चार्टर के अंतर्गत कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने पर विहित अधिकारी द्वारा तुरंत आवेदन को आवेदन पत्र प्राप्ति की पावती दी जाये जिसमें आवेदन पत्र में पायी गई कमियां निराकरण की समय सीमा तथा समय सीमा में कार्यवाही न होने पर जिस अधिकारी को शिकायत की जाना है उसके पदनाम का उल्लेख किया जाये। (पावती का प्रारूप संलग्न है परिशिष्ट –ब)
4. आवेदन पत्र प्राप्त होने तथा उसके निराकरण की प्रविशिष्ट रजिस्टर की जाये ताकि कभी निराकरण किया गया तथा कितने आवेदन पत्र निराकरण हेतु शेष हैं।
5. सिटीजन चार्टर के अंतर्गत यदि आवेदक को निर्धारित समय सीमा मं जानकारी प्राप्त होती है तो जिम्मेदारी अधिकारी के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1985 एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1986 के प्रावधानों के अनुसार अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
6. सिटीजन चार्टर का क्रियान्वयन ठीक तरह से हो इसके लिये आवश्यक है कि कार्यालय के सभी अधीनस्थ अधिकारी / कर्मचारियों को सिटीजन चार्टर की धारणा, उद्देश्य एवं व्यवस्था का ज्ञान हो। इसकी पूर्ति के लिये कृपया सभी अधिनस्थ अधिकारी / कर्मचारियों का इन निर्देशों के बारे में एक बैठक आयोजित कर प्रशिक्षित करें और समय समय पर आवश्यक समझाईश दें।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई के साथ पालन सुनिश्चित किया जाये।

हस्ता0/–
(अजिता बाजपेयी पाण्डे)
सचिव
मध्यप्रदेष–शासन
समाज कल्याण विभाग

पृ. क्रमांक / एफ 2–52 / 99 / 26–2 भोपाल, दिनांक 19 जुलाई 2001

प्रतिलिपि

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, भोपाल
2. अध्यक्ष, राजस्व मंडल, मध्यप्रदेष, ग्वालियर
3. सचिव, मध्यप्रदेष विधान सभा, भोपाल
4. विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं अधीनस्थ कार्यालयों में इन निर्देषों का पालन सुनिष्चित कराने के लिए।
5. निज सचिव / निज सहायक
   माननीय मुख्यमंत्री जी / उप मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेष शासन,
6. सचिव, मध्यप्रदेष शासन, सामान्य प्रषासन विभाग की ओर टीप क्रमांक यू.ओ. क्रमांक / 344 एफ 11–52 / 99 / 1 / 9 दिनांक 3.7.2001 के संदर्भ में दो अतिरिक्त प्रति सहित

हस्ता0 / –
अवर सचिव
मध्यप्रदेष–शासन
समाज कल्याण विभाग

आवेदन पत्र पावती का प्रारुप

विभाग/कार्यालय का नाम.....

क्रमांक..... दिनांक.....

प्रति,

.....
.....
.....

विषयः– .....

संदर्भः– आपका आवेदन पत्र दिनांक.....

महोदय,

आपका उपरोक्त आवेदन पत्र दिनांक ..... को इस विभाग/कार्यालय में प्राप्त हुआ है, आवेदन पत्र में निम्नांकित कमियां पाई गई हैः–

(1)
(2)
(3)
(4)
(5)
(6)
(7)
(8)
(9)
(10)

(अ) आवेदन पत्र का निराकरण दिनांक..... तक किया जा सकेगा
(ब) उपरोक्त कमियों की पूर्ति होने पर..... दिन में आवेदन पत्र का निराकरण किया जावेगा।
(स) निर्धारित समयावधि में आपको जानकारी प्राप्त न होने/आवेदन पत्र का निराकरण न होने पर ..... (पदनाम) को आप अपील/शिकायत कर सकते है।

भवदीय

( )

मध्यप्रदेष शासन
समाज कल्याण विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल – 462004

क्रमांक – एफ 2–8/2003/26–2 भोपाल, दिनांक 2.5.2003

प्रति,

1. आयुक्त , पंचायत एवं समाज कल्याण, म.प्र. भोपाल।
2. समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेष।
3. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेष।
4. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत/जनपद पंचायत मध्यप्रदेष।
5. समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक, पंचायत एवं समाज कल्याण, मध्यप्रदेष।
6. समस्त आयुक्त/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत, मध्यप्रदेष।

विषय :– राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना का क्रियान्वयन हेतु सिटीजन चार्टर।

संदर्भ :– इस विभाग का ज्ञापन क्रमांक एफ 2–52/99/26–2, दिनांक 19.7.2001

राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्तमान में सिटीजन चार्टर के बिन्दु क्रमांक–2 में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अन्तर्गत प्राप्त हाने के 21 दिवस के भीतर स्वीकृत/ निराकरण किये जाने की समय–सीमा निर्धारित है।

2. जब राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत आवेदन–पत्र होने के 15 दिवस के भीतर ही निराकरण कर स्वीकृत प्रकरणों में भुगतान की कार्यवाहीं सुनिष्चित की जाये। सिटीजन चार्टर के पुनरीक्षित चार्ट संलग्न प्रेषित है।

3. कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय–सीमा में की जाना सुनिष्चित करने का कष्ट करें तथा सिटीजन चार्टर के बोर्ड में भी उपरोक्तानुसार संषोधन कर लें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(ए.के. जेन)
उप सचिव
मध्यप्रदेष शासन
समाज कल्याण विभाग

सिटीजन चार्टर

क्र.	योजना का नाम	आवेदक की योग्यता/पात्रता	आवेदन का निर्धारित प्रारूप	आवेदन–पत्र के साथ आवष्यक दस्तावेज जो संलग्न किया जाना है	देय फीस	अवेदन किसे प्रस्तुत किया जावेगा	स्वीकृत करने वाला सक्षम प्राधिकारी	आवेदन के निराकरण की अवधि/समय –सीमा	अपीलीय प्राधिकारी	अपील निराकरण की समय–सीमा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
2.	राष्ट्रीय परिवार सहायता	1. गरीबी रेखा से नीचे के परिवार के ऐसे सदस्य जिसकी कमाई से ही परिवार का अधिकांष गुजारा चलता है। 2. मृतक व्यक्ति की आयु 18वर्ष या इससे अधिक तथा 65 वर्ष से कम हो।	प्रारूप (भाग एक में)	1. प्रारूप भाग –2 के परिवार की आय एवं नये मुखिया के बारे में प्रमाणपत्र 2. 2. प्रारूप भाग –3 में ग्राम पंचायत द्वारा जनपद पंचायत को दी जाने वाली अनुषंसा टीप।	निः‌शुल्क	1. ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सभा/ग्राम पंचायत 2. शहरी क्षेत्र में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत	ग्रामीण क्षेत्र जनपद पंचायत तथा शहरी क्षेत्र में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत	15 दिवस	अनुविभागीय अधिकारी	10 दिवस

मध्य प्रदेष शासन
वित्त विभाग

मंत्रालय

क्रमांक 1141 /चार/ब–1/96 भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर, 96

प्रति,

शासन के समस्त विभाग
अध्यक्ष, राजस्व मंडल, म.प्र. ग्वालियर
समस्त आयुक्त, मध्यप्रदेष
समस्त विभागाध्यक्ष, मध्यप्रदेष
समस्त जिलाध्यक्ष, मध्यप्रदेष
समस्त कोषालय अधिकारी/उप कोषालय अधिकारी,
मध्यप्रदेष।

विषयः आहरण अधिकारी द्वारा प्रावधानित/ आवंटित राषि से अधिक आहरण की प्रवृत्ति पर रोक।

1. वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक ई0 4/8/82/नि–5/चार, दिनांक 20–9–82 एवं ज्ञापन क्रमांक ई0/4/8/ नि–5/चार, दिनांक 1–12–83 के द्वारा सभी संबंधित विभागों को तथा कोषालय अधिकारियों को यह निर्देषित किया गया था कि त्रैमासिक व्यय की सभी मदों के लिये (प्राकृतिक विपदाओं एवं वेतन मद को छोड़कर) आवंटित धनराषि से अधिक आहरण मंजूर नहीं करें तथा यदि किसी आहरण अधिकारी द्वारा आवंटित धनराषि समाप्त हो जाने पर भी कोषालय में देयक प्रस्तुत किये जाते हैं तो संबंधित कोषालय अधिकारी द्वारा देयक को नामंजूर करते हुये नियंत्रण अधिकारियों को वापस कर दिया जावे।

2. अब राज्य शासन द्वारा निराश्रित पेंषन के देयकों के लिये प्राकृतिक विपदाओं एवं वेतन मद के देयकों के लिये प्रचलित व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया गया है। अर्थात् यदि निराश्रित पेंषन का बजट आवंटन समाप्त हो गया हो तो भी कोषालय द्वारा निराश्रित पेंषन के देयक आहरित करने हेतु स्वीकृति दी जा सकेगी।

3. जब कभी किसी कोषालय अधिकारी द्वारा आवंटन समाप्त होने के बाद उपरोक्त निर्देषों के अंतर्गत देयक आहरण की स्वीकृति दी जाती है तब उसकी जानकारी तत्काल प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेष शासन, वित्त विभाग जो संलग्न प्रपत्र में भेजनी होगी। इसके साथ ही संबंधित आहरण अधिकारी को भी लिखा जायेगा कि वह तत्काल अतिरिकत आवंटन अपने विभागाध्यक्ष से प्राप्त करे। इसके लिये कोषालय में एक पृथक पंजी संधारित की जायेगी

जिसमें तीनों श्रेणी अर्थात् वेतन, निराश्रित पेंषन एवं प्राकृतिक विपक्ष के आवंटन से संबंधित पृथक–पृथक पृष्ठों पर जानकारी रखी जायेगी।

4. वेतन मद, प्राकृतिक विपदा, निराश्रित पेंषन के अतिरिक्त अन्य मदों में आवंटित धनराषि से अधिक आहरण न हो अन्यथ म.प्र. कोष संहिता भाग–एक के सहायक नियम 284 तााि 290 के प्रावधानों के अनुसार संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

5. इन निर्देषों के जारी होने से वित्त विभाग के निर्देष क्रं. ई/4/8/82/नि.–5/चार, दिनांक 9.11.82 एवं ज्ञापन क्रं. ई/4/8/82/नि.–5/चार, दिनांक 1.12.83 निरस्त माने जावे।

(स्नेहलता श्रीवास्तव)
अतिरिक्त सचिव
मध्यप्रदेष शासन, वित्त विभाग

पृ क्रं 1142 /चार/ब–1/96 भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर, 96

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, कोष एवं लेखा, म.प्र. भोपाल को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. रजिस्ट्रान, उच्च न्यायालय, म.प्र. जबलपुर।
3. राज्यपाल के सचिव/सैनिकसचिव, म.प्र. भोपाल।
4. सचिव, मध्यप्रदेष विभान सभा, भोपाल।
5. सचिव, लोक सेवा आयोग, म.प्र. इंदौर।
6. सचिव, लोकायुक्त, म.प्र. भोपाल।
7. मुख्य लेखाधिकारी, म.प्र. मंत्रालय, भोपाल।
8. समस्त लेखाधिकारी/वित्त अधिकारी, म.प्र. लेखा सेवा की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।
9. समस्त क्षेत्रीय उप संचालक, कोष एवं लेखा, म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(आर.एन.पचौरी)
अपर सचिव
मध्यप्रदेष शासन, वित्त विभाग

अ.शा. पत्र क्रमांक/रा.सा.स.यो./114/98/858 भोपाल, दिनांक 25.3.98

विषय – राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन एवं सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना का क्रियान्वयन।

राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना में प्राप्त होने वोले आवेदन पत्रों पर निर्धारित समय में कार्यवाही की जाकर समस्त पात्र पाये जाने वाले हितग्राहियों को प्रत्येक माह निर्धारित दर से पेंषन राषि के भुगतान किये जाने के निर्देष हैं। कार्यक्रम का लाभ सही व्यक्ति को ही मिल रहा है एवं उन्हें नियमित रूप से पेंषन प्राप्त हो रही है, की जॉच करने एवं इसकी रिपोर्ट भी प्रेषित करने के निर्देष दिये गये हैं।

कतिपय जिलों से प्राप्त जानकारी में यह बात सामने आई है कि ग्राम पंचायतों में पेंषन राषि के भुगतान के समय हितग्राहियों को पेंषन की पूरी राषि नहीं दी जा रही है इसी प्रकार इस योजना का लाभ अपात्र हितग्राही भी उठा रहे हैं

अतः सुनिष्चित किया जाये कि हितग्राहियों को पेंषन राषि का भुगतान निर्धारित दर से ही किया जाये। यदि ग्राम पंचायतों में पंचायत पदाधिकारी अथवा पंचायत कर्मी द्वारा पेंषन राषि के भुगतान में अनियमितता बरती जाती है तो उनके विरूद्ध पंचायत अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाये।

3. इस योजना के निर्देषों में अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन भी किया गया है जो सेम्पल आधार पर प्रकरणों की जॉच करेगी । यदि जांच में यह पाया जाता है कि अपात्र हितग्राहियों द्वारा पेंषन राषि प्राप्त की जा रही है तो ऐस प्रकरणों में पेंषन राषि भुगतान को तत्काल रोका जाए तथा भुगतान की जा चुकी राषि की वसूली की कार्यवाही भी करें। इसके साथ ही यदि यह भी पाया जाता हे कि हितग्राही द्वारा जान समझ कर आवेदन पत्र में गलत जानकारी दी गई है, एवं अपात्र हितग्राहियों के द्वारा पेंषन का भुगतान प्राप्त किया जा रहा है, तो उनके विरूद्ध पुलिस में एफ.आई.आर.दर्ज करने की कार्यवाही की जावे।

भवदीय

(विवेक ढ़ॉड)

प्रति,

1. श्री .....
कलेक्टर,
जिला समस्त
(म.प्र)

2. श्री .....
मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत समस्त
(म.प्र.)

पृ0 क्रमांक / रा.सा.स.यो / 114 / 98 / 859 भोपाल, दिनांक 25.3.98

प्रतिलिपि :–

सचिव, मध्यप्रदेष शासन, समाज कल्याण विभाग की और उनके पत्र क्रमांक / 270 / 339 / 26–2 / 98, दिनॉक 7.2.98 के संदर्भ में सूचनार्थ अग्रेषित।

आयुक्त
पंचायत एवं समाज सेवा, म0प्र.0

समाज कल्याण विभाग,

क्रमांक/656/26–2/98 भोपाल, दिनांक 26–3–98

प्रति,

समस्त संभागायुक्त,
समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
(जिला पंचायत)
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारीख
(जनपद पंचायत)
समस्त संयुक्त संचालक/उपसंचालक ,
पंचायत एवं समाज सेवा,
समस्त सचिव, ग्राम पंचायत
मध्यप्रदेष

विषय :– निराश्रितों को ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंषन का भुगतान।

1. सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना का युक्तियुक्तकरण करते हुए राज्य शासन के आदेष क्रमांक एफ–1/59/26–2/95, दिनांक 04.09.1996 द्वारा पेंषनरों को प्रतिमाह नियमित रूप से पेंषन दिये जाने की मार्गदर्शिका प्रसारित की थी।

2. पात्र हितग्राहियों को समय पर सहायता मिले इस उद्देष्य से राज्य शासन ने पंचायतों और नगरीय निकायों की प्रमुख भूमिका निर्धारित करते हुए आवेदनों के निराकरण और स्वीकृत पेंषन के नियमित भुगतान की प्रक्रिया भी तय की थी। इस व्यवस्था में पंचायतों और नगरीय निकायों को अग्रिम उपलब्ध कराने के भी निर्देष हैं ।

3. पेंषन भुगतान की वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लिये जनपद पंचायत और शहरी क्षेत्र के लिये नगरीय निकायों द्वारा पेंषन का भुगतान बैंक/पोस्ट आफिस में खाते खोलकर उनके माध्यम से अथवा मनिआर्डर के जरिये सामान्यतः किया जाता है। संबंधित आवेदक को पेंषन की स्वीकृति के तत्काल पश्चात् स्वयं का बचत खाता बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस में खोलना हैं इस कार्य में विभागीय क्षमता आवेदक की मदद करता है।

4. वर्तमान प्रक्रिया में अपवाद स्वरूप ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहॉ पर 10 किलोमीटर की दूरी के अंदर पोस्ट ऑफिस या बैंक नहीं है, वहॉ नितान्त आवष्यकता पड़ने पर ग्राम पंचायत की बैठक में नगद में पेंषन राषि का भुगतान किया जा सकता है। सर्तकता के बतौर इस तरह किये जाने वाले नकद भुगतान को प्रतिमाह ग्राम पंचायत की पूर्ण बैठक में किया जाता है। शासनसे प्रसारित विस्तृत निर्देष हर स्तर पर उपलब्ध है।

5. राज्य शासन के ध्यान में यह तथ्य आया है कि ग्रामीण क्षेत्र के निराश्रितों को बैंक खाते न खोल पाने की वजह से अथवा उनके आवासीय ग्राम में बैंक इत्यादि की सुविधा न होने की वजह से परेषानी होती है। वर्तमान प्रक्रिया के सूक्ष्म परीक्षणोपरान्त राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है कि नकद भुगतान की सुविधा उन सभी निराश्रित पेषनरों को दी जाए जो ऐसा विकल्प बैंक/पोस्ट आफिस खातों की तुलना में अधिक सुविधाजनक पाते हो। इस विकल्प का लाभ लेने वाले हितग्राहियों की सुविधा को देखते हुए और नकद भुगतान की प्रक्रिया में और भी अधिक सर्तकता की आवष्यकता को देखते हुए निम्न प्रक्रिया का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए।

(क) ग्राम पंचायत इस विकल्प का उपयोग करने वाले हितग्रहियों की सूची (मय, नाम पता, उम्र इत्यादि) जनपद पंचायत को भिजवायें और पावती ले लें। इस प्रकार हितग्राहियों की सूची आगामी ग्राम सभा की आयोजित बैठक में बना ली जाए और बैठ में ही हितग्राहियों से विकल्प ले लिये जाए। सूची ग्राम सभा में पढ़कर सुना दी जाए। सूचियों को भविष्य में अघतन करने का कार्य ग्राम पंचायत की सामान्य बैठक में किया जाए। परन्तु ग्राम पंचायत की बैठक में जोड़े जाने वाले नाम भविष्य की ग्राम सभाओं में अनिवार्यतः सर्वसाधारण की जानकारी के लिये रखे जाए।

(ख) नकद भुगतान के लिये आवष्यक दो माह की अग्रिम राषि नियमित रूप से जनपद पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत के बैंक खाते में जमा करा दी जाकर ग्राम पंचायत को सूचित किया जाए।

(ग) बैंक खाते से नकद भुगतान की राषि का आहरण प्रतिमाह आयोजित होनेवाली ग्राम पंचायत की पूर्ण बैठक के दिनांक से ठीक पूर्व के बैंक दिवस से ही किया जाए। अनावष्यक रूप से नकद राषि का आहरण करना वित्तीय अनियमितता होगी अतः इसका विशेष ध्यान रखा जाए। ग्राम पंचायत की पूर्ण बैठक में भुगतान किया जाए।

(घ) भुगतान के समय उपस्थितों में सरपंच/हितग्राही के वार्ड के पंच और पंचायत सचिव को होना वर्तमान प्रक्रिया की तरह ही अनिवार्य रहेगा। यह ध्यान रखा जाए कि पंचायत की बैठक में अधिक से अधिक पंच उपस्थित रहे। साथ ही पंचों की उपस्थिति पूर्व में ही सुनिष्चित करनेका दायित्व पंचायत सचिव का होगा। आशय यह है कि हितग्राही को मात्र इस कारण न भटकना पड़े कि ग्राम पंचायत की बैठक नही हो सकी।

(ड़) नकद भुगतान लेने वाले प्रत्येक हितग्राही के लिये एक निःषुल्क ''पेंषन पासबुक'' या ''हितग्राही पेंषन वितरण कार्ड'' जारी किया जावेगा। कार्ड जिला पंचायत द्वारा एकजाई रूप से छपवाकर ग्राम पंचायतों को वितरित किया जाए। छपाई और वितरण व्यय राष्ट्रीय वृद्धावस्था कार्यक्रम के प्रषासकीय व्यय से स्वीकृत किया जाए।

(च) इस ''पास बुक'' या ''कार्ड'' का नमूना संलग्न है। इस पास बुक में पेंषन वितरण की माहवार जानकारी नकद वितरण का दिनांक, वितरित राषि और हितग्राही तथा पंचायत सचिव या सरंपच के हस्ताक्षर का प्रावधान रहेगा। कार्ड में दो वर्ष के भुगतान का इन्द्राज हो सके ऐसा प्रावधान रखा जाए।

(छ) पेंषन पास बुक किसी भी स्थिति में ग्राम पंचायत या उनके पदाधिकारियों अथवा पंचायत सचिव या किसी अन्य व्यक्ति के पास न रखी जाए। यह पासबुक या कार्ड सदैव निराश्रित पेंषनर हितग्राही के पास ही रहना चाहिये।

(ज) कंडिका छ की जानकारी का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए ताकि हितग्राहियों को यह जानकारी रहे । हितग्राहियों को यह जानकारी होनी चाहिए कि, कार्ड की पेषन भुगतान होने का प्रमाण है। अतः इसे वे हिफाजत से रखें।

(झ) प्रत्येक हितभागी पेंषन कार्ड की एक क्रम संख्या होनी चाहिये इसमें प्रथम दो अंक जिले के लिये एवं इसके उपरान्त दो अंक विकास खण्ड/जनपद पंचायत के लिये है। यह कोड इस निर्देष के साथ संलग्न है, आगामी तीन अंक ग्राम पंचायत के लिये एवं अंतिम तीन अंक हितग्राही की पहचान कोड के लिये निर्धारित है। अतः जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतों के लिये तथा हितग्राही पहचान कोड का निर्धारण कर लें।

(ण) कार्ड या पास बुक पर होने वाले इन्द्राज और भुगतान का लेखा जोखा निम्नानुसार भुगतान के दिन ही केषबुक में किया जाए और इन्द्राज की जानकारी बैठक को दी जाए।

(य) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ध्यान देंगे कि कार्ड इस प्रकार हो कि वे हितग्राही द्वारा दो वर्ष सुरक्षित रखा जा सकें। प्लास्टिक कव्हर का प्रावधान दिया जाए।

(र) कार्ड पर इन्द्राज स्याही से ही हो और हस्ताक्षर वहीं हो जो सरपंच या पंचायत सचिव द्वारा साधारणतः औपचारिक अभिलेखों या अवसरों पर किया जाना हो।

(ल) पास बुक गुम हो जाने की षिकायतों के विरूद्ध तत्काल उचिव जांच पड़ताल और आष्वस्थ होने पर नया कार्ड जारी किया जाए जिस पर ''डुप्लीकेट'' की मोहर लगा दी जाए। नया कार्ड पर कम संख्या वहीं रहे जो मूल में थी।

(व) पुनः उल्लेखनीय है कि यह सदैव सुनिष्चित किया जाये कि ग्राम पंचायतों के पास निराश्रितों को नकद पेंषन राषि भुगतान करने के लिये पर्याप्त राषि उपलब्ध रहे। इसके लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत/उप–संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायतों को राषि उपलब्ध कराये।

6. यह आदेष दिनांक 1 अप्रेल, 1998 से ग्रामीण क्षेत्र में ही निराश्रितों को नकद पेंषन भुगतान करने के लिये लागू होगा।

(सुनिल कुमार)
सचिव,
मध्यप्रदेष शासन,
समाज कल्याण विभाग, मंत्रालय

पृष्ठांकन क्रमांक / भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, माननीय मुख्य मंत्री जी मध्यप्रदेष।
2. निज सचिव, माननीय मंत्री जी, मध्यप्रदेष शासन, समाज कल्याण विभाग।
3. मुख्य सचिव, मध्यप्रदेष के स्टाफ आफिसर, मंत्रालय।
4. आयुक्त, पंचायत एवं समाज सेवा, भोपाल, मध्यप्रदेष।

मध्यप्रदेष शासन,
समाज कल्याण विभाग, मंत्रालय

अजिता बाजपेयी पांडे
आयुक्त

पंचायत एवं समाज सेवा संचालनालय
मध्यप्रदेष
तुलसी नगर, भोपाल–462003
दूरभाष – कार्यालय 556916 नि : 571466

अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक/रा.सा.स.यो./98/29/2312

भोपाल, दिनांक 26 अक्टूबर, 1998

कृपया भारत सरकार के संलग्न पत्र दिनांक 5.10.98 का अवलोकन करें। जिसके द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना एवं राष्ट्रीय मातृत्व सहायता योजनान्तर्गत लाभांवित हितग्राहियों की सूची प्रकाषित करने के निर्देष दिये गये है।

अनुरोध है कि उक्त योजनाओं के अन्तर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत वार प्रकाषित करें।

कृपया की गई कार्यवाही से संचालनालय एवं शासन को अवगत कराये।

कृपया इस कार्य को प्राथमिकता दें।

भवदीया,

(अजिता वाजपेयी पाण्डे)

प्रति,

श्री
कलेक्टर,
जिला .....(म.प्र.)

पंचायत एवं समाज सेवा, संचालनालय, मध्यप्रदेष

क्रमांक / सा.सु.पे / 99 / 536 भोपाल, दिनांक 6.3.99

प्रति,

समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत,
मध्यप्रदेष।

विषय– राज्य शासन की सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना की मासिक जानकारी हेतु निर्धारित प्रपत्र में संषोधन।

मध्यप्रदेष शासन, समाज कल्याण विभाग के आदेष क्रमांक – 1 / 59 / 26–2 / 95, दिनांक 4–9–96 से एकीकृत वृद्धावस्था पेंषन योजना एवं राज्य शासन की सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना की मार्गदर्षिका जारी की गई थी। मार्गदर्षिका में मासिक जानकारी के लिए प्रारूप 6 में प्रपत्र निर्धारित है।

जिलों से प्राप्त होने वाली जानकारी के संकलन में अनेक कठिनाईयां आ रही है। अतः राज्य शासन की योजना सामाजिक सुरक्षा पेंषन की मासिक जानकारी के लिए प्रारूप 6 में संषोधन किया गया है जो पत्र के साथ संलग्न है।

अनुरोध है कि संलग्न निर्धारित प्रपत्र में ही माह अप्रैल 99 से सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना का मासिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की 10 तारीख के पूर्व संचालनालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार ।

आयुक्त
पंचायत एवं समाज सेवा,
म.प्र.

पृ.क.सा.सु.पे./99/ 537 भोपाल, दिनांक 6.3.99

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, मध्यप्रदेष शासन, समाज कल्याण विभाग मंत्रालय भोपाल।
2. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा, म.प्र.।
3. समस्त जिला उप संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा, म.प्र.

आयुक्त,
पंचायत एवं समाज सेवा,
म.प्र.

प्रारूप–6

राज्य शासन द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंषन की मासिक जानकारी

जिला .....माह ..... वर्ष .....

(मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला स्तर से संचालनालय को भेजा जाने वाला मासिक प्रतिवेदन)

1. आवंटन

मांग संख्या	वर्ष में प्राप्त आबंटन	माह के अंत तक का कुल व्यय	शेष राषि
80 –			
81 –			

2. हितग्राहियों का विवरण

हितग्राहियों की क्षेत्रवार	65 वर्ष से कम आयु	65 वर्ष से अधिक आयु	शेष राषि
ग्रामीण			
शहरी			
कुल योग :–			

3. हितग्राहियों का पात्रता के अनुसार वर्गीकरण

निःषक्त हितग्राहियों की कुल संख्या	विधवा / परित्यक्ता महिलायें	अन्य वृद्ध	कुल योग (3 +4 + 5)
6 से 14 वर्ष	14 वर्ष से अधिक	योग	
1	2	3	4 5 6

4. हितग्राहियों का जाति के अनुसार वर्गीकरण

वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	सामान्य
योग			

महिला
पुरूष

कुल योग :–

---

5. प्रतिवेदित माह में भुगतान किए गए .....
कुल हितग्राहियों की संख्या

6. 60 दिवस से अधिक अवधि के लंबित.....
आवेदन पत्रों की संख्या

7 रिमार्क.....

हस्ता /–
मुख्य कार्यपाल अधिकारी
जिला पंचायत
जिला .....
(म0प्र0)

मध्यप्रदेष शासन
समाज कल्याण विभाग

मंत्रालय

क्रमांक एफ – 2–8/99/26–2 भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल, 1999

प्रति,

1. समस्त आयुक्त, म.प्र.।
2. समस्त कलेक्टर, म.प्र. ।
3. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, म.प्र. ।
4. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, म.प्र.।

विषय – राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन/सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना का प्रभावी कियान्वयन।

ग्राम सम्पर्क अभियान, 1999 के दौरान यह पाया गया है कि रेण्डम सेम्पलिंग इत्यादि के माध्यम से अपात्र पाए गए व्यक्तियों के पेंषन रोकने की कार्यवाही ही तो हुई है परन्तु संबंधितों को पेषन रोकने के कारणों की जानकारी नहीं है। शासन की यह नीति है कि पात्र सभी व्यक्तियों को समय पर पेंषन उपलब्ध हो और साथ ही अपात्र व्यक्तियों को पेंषन का लाभ न मिल सके। इस संबंध में समय–समय पर शासन स्तर से एवं विभागाध्यक्ष स्तर से निर्देष जारी किये गये हैं। निराश्रितों की परिभाषित पेंषन योजनाओं में स्पष्ट है, हितग्राहियों की पात्रता के संबंध में यह स्थिति भी स्पष्ट होनी चाहिए कि जहां समस्त निराश्रित गरीबी रेखा के नीचे हैं परन्तु सभी गरीबी रेखा के नीचे के व्यक्ति निराश्रित नहीं है।

ग्राम सभाओं और गरीबी रेखा के नीचे के व्यक्तियों के अंतर पहचानने में कठिनाई के कारण भी अपात्र व्यक्तियों का चयन होना स्वाभाविक है। ऐसे मामलों में पेंषन रोकने और दी गई पेंषन की वापसी की कार्यवाही की जाती है। सत्यापन में अपात्र पाए जाने वाले हितग्राहियों तथा संबंधित सरपंच को उन तथ्यों/आधारों से अवगत कराया जाए, जिनके कारण पेंषन निरस्त की गई हो। इससे इन योजनाओं के कार्यान्वयन वाबत् भ्रान्तियों का निराकरण हो सकेगा।

कृपया इस संबंध में अधिनस्थ को आवष्यक निर्देष जारी करने का कष्ट करें।

(सुनिल कुमार)
सचिव
मध्य प्रदेष शासन,
समाज कल्याण विभाग

प्र.क्र. एफ 2–8/99/26–2, भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल, 1999

प्रतिलिपि :–

1. समस्त माननीय अध्यक्ष, जिला पंचायत, मध्यप्रदेष
2. समस्त मानवीय अध्यक्ष, जनपद पंचायत, म.प्र.
3. आयुक्त, पंचायत एवं समाज सेवा, म्.प्र. भोपाल
4. समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक पंचायत एवं समाज सेवा, म.प्र

उप सचिव
मध्यप्रदेष शासन,
समाज कल्याण विभाग

अजिता बाजपेयी पांडे
आयुक्त

पचांयत एवं समाज सेवा संचालनालय
मध्यप्रदेष
तुलसी नगर, भोपाल – 462003
दूरभाष : कार्या–556916, नि0 – 571466

अ.शा.पत्र क्र. रा.0सा0स0यो0 / 114 / 2000 / 599

भोपाल, दिनांक 3–3–2000

विषय – सेम्पल जांच की कार्यवाही बाबत्।

एकीकृत सामाजिक सुरक्षा पेंषन तथा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन योजना में की जा रही सेम्पल जांच की कार्यवाही में बहुत संख्या में अपात्र हितग्राही भी पाये गये हैं। सेम्पल जांच की मासिक जानकारी भी नियमित रूप से चाही जाती है। कृपया इसे सुनिष्चित करनें। प्राप्त जानकारियों से यह तो स्पष्ट होता है कि जांच में अपात्र मिले हितग्राहियों की पेंषन रोकी गई है, किन्तु इन हितग्राहियों को भुगतान की जा चुकी राषि की वसूली एवं संबंधित दोषी अधिकारी / कर्मचारी / परदाधिकारी एवं अन्य के विरूद्ध भी नियमानुसार की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है।

सेम्पल जांच में अपात्र पाये जाने वाले हितग्राहियों को तथा संबंधित स्थानी निकाय / सरपंच को उन तथ्यों / आधारों से जिसके कारण हितग्राही अपात्र माना गया है, से अवगत करो के भी पूर्व से ही निर्देष हैं। शासन ने यह भी निर्देष दिये हैं कि समाज हितग्राहियों की पेंषन निरस्त करने के कारणों / आधारों की जानकारी भी संबंधित स्थानीय निकाय / पंचायत के सूचना पटल पर भी प्रदर्षित की जाये। जिससे इन योजनाओं क्रियान्वयन बाबत् प्रतियों का निराकरण हो सके।

अनुरोध है कि उक्त निर्देष का क्रियान्वयन सुनिष्चित करें। तथा सेम्पल जांच की लंबित मासिक जानकारी अविलंब प्रेषित करते हुए भी सुनिष्चित करें कि भविष्य में यह मासिक प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण जानकारी के साथ प्रतिमाह की 10 तारीख तक संचालनालय को मिल जाये।

(अजिता वाजपेयी पांडे)

प्रति,

श्री .....
कलेक्टर
जिला .....
मध्यप्रदेष

पृ.क. रा.सा.स.यो./114/2000/600 भोपाल, दिनांक 3 मार्च 2000

प्रतिलिपि –

1. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु अग्रषित।
2. समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक जिला कार्यालय पंचायत एवं समाज कल्याण म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

आयुक्त
पंचायत एवं समाज सेवा, म.प्र.

मध्यप्रदेष शासन
समाज कल्याण विभाग
मंत्रालय

क्रमांक एफ 2–10/2000/26–2 भोपाल, दिनांक 21–3–2000

प्रति,

आयुक्त,
समाज कल्याण,
म.प्र. भोपाल ।

विषय – सामाजिक सुरक्षा पेंषन एवं वृद्धावस्था पेंषन योजना के सेम्पल जांच में आयु के आधार पर निरस्त किये जाने वाले प्रकरणों के संबंध में।

संदर्भ – आपका पत्र क्रमांक /रा0सा0स0यो0/60/2000/164, दिनांक 9–3–2000

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का कृपया अवलोकन करें। आदेषानुसार निवेदन है कि सामाजिक सुरक्षा पेंषन/राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन योजना के जिन प्रकरणों की रेण्डम जांच में हितग्राही की आयु पात्रता के अनुरूप न होने के कारण उन्हें निरस्त किया है, ऐसे प्रकरणों में विवाद होने पर डॉक्टरी जांच द्वारा आयु के प्रमाणीकरण को मान्य किया जा सकता है।

(डी.के.जैन)
अवर सचिव
मध्यप्रदेष शासन,
समाज कल्याण विभाग

पंचायत एवं समाज सेवा संचालनालय, मध्यप्रदेष

पृ0क्रमांक / रा0सा0स0यो0 / 60 / 2000 / 1143 भोपाल, दिनांक 9.5.2000

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, मध्यप्रदेष शासन, समाज कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. समस्त कलेक्टर, म.प्र.।
3. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
4. समस्त संयुक्त संचालक / उप संचालक, जिला कार्यालय पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अपर संचालक
वास्ते आयुक्त
पंचायत एवं समाज सेवा, म0प्र0

पंचायत एवं समाज सेवा संचालनालय, मध्यप्रदेष

क्रमांक/सासुपें/2001/2331 भोपाल, दिनांक 10/12/2001

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेष।
2. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मध्यप्रदेष।
3. समस्त संयुक्त संचालक/उपसंचालक, जिला कार्यालय, पंचायत एवं समाज कल्याण, मध्यप्रदेष।

विषय – सामाजिक सुरक्षा पेंषन /राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन योजना के अंतर्गत लाभांवित हो रहे सभी हितग्राहियों की सूची निर्धारित प्रपत्र में जिले की वेबसाइट पर प्रकाषित करने बावत।

ष

विषयांकित संदर्भ में शासन स्तर पर आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि योजनांतर्गत लाभांवित हो रहे सभी हितग्राहियों की सूची का प्रकाषन जिले की वेबसाइट पर किया जावे, ताकि यह सुनिष्चित किया जा सके कि है तथा उन्हें नियमित भुगतान हो रहा है। यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयसीमा का हैं अतः संबंधितों से अपेक्षा की जाती है कि निम्न प्रक्रिया अनुसार उक्त कार्य प्राथमिकता देते हुए दिनांक 30.12.2001 तक अनिवार्यतः पूर्ण करवाये–

1. ग्राम पंचायत स्तर पर पदस्थ पंचायत सचिव का दायित्व होगा कि वह प्रत्येक ग्राम सभा क्षेत्र के सभी लाभांवित हितग्राहियों की सूची निर्धारित प्रपत्र में ग्राम सभावार बनाकर अपने क्षेत्र की जनपद पंचायत को सौंपे। यह कार्य दिनांक 15.12.2001 तक पूर्ण किया जावे।
2. पंचायत समाज षिक्षा संगठक का दायित्व होगा कि वह सभी ग्राम सभाओं से सूची तथा नगरीय क्षेत्र से सूची प्राप्त कर उसका विकास खण्डवार संकलन करें। यह कार्यवाही दिनांक 22.12.2001 तक पूर्ण की जाये।
3. विभागीय जिला अधिकारी, संयुक्त संचालक/उप संचालक/संभागीय व्यवस्थापक का उत्तरदायित्व है कि वह सभी पंचायत एवं समाज षिक्षा संगठकों की बैठक दिनांक 24.12.2001 को जिला स्तर पर आयोजि करे। इस बैठक में जिले की जानकारी संकलित कर कम्प्यूटराइजेषन कराया जाये तथा प्रत्येक माह इस जानकारी को अद्यतन करने की प्रक्रिया भी समझाई जाये। यह कार्यवाही दिनांक 28.12.2001 तक पूर्ण की जाये।
4. दिनांक 30.12.2001 को जिला अधिकारियों का दायित्व होगा कि वह संचालनालय के फैक्स क्रमाक 552665 पर सूचित करें कि उनके जिले के हितग्रहियों की सूची उनके जिले की

वेबसाइट पर उपलब्ध हो गई है। हितग्राहियों की सूची को वेबसाइट पर प्रस्तुत रने में जो व्यय हो उसकी पूव्रि राष्ट्रीय समाजिक सहायता योजना में प्राप्त प्रषासकीय मद की राषि से प्राप्त की जाये।

निर्धारित समयसीमा में कार्यपूर्ति न होने पर संबंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे।

संलग्न – प्रपत्र

आयुक्त
पंचायत एवं समाज कल्याण
मध्यप्रदेष

सामाजिक सुरक्षा पेंषन/वृद्धावस्था पेंषन योजनान्तर्गत लाभ ले रहे हितग्रहियों की वेबसाइट पर प्रकाषित की जाने वाली सूची का निर्धारित प्रपत्र

जिला का नाम .....जनपद पंचायत/नगरीय निकाय का नाम .....

क्र.	हितग्राही का नाम	पता	पुरूष/महिला	उम्र	श्रेणी			
					वृद्ध	विधवा	परित्यक्तता	विकलांग
1	2	3	4	5	6	7	8	9

हस्ताक्षर /–
जिला अधिकारी
पंचायत एवं समाज सेवा
मध्यप्रदेष

मध्यप्रदेष शासन
समाज कल्याण विभाग

मंत्रालय

क्रमांक एफ–2–3/2001/2/26 भोपाल, दिनांक 23 जनवरी, 2002

प्रति,

समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेष
समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेष
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला/
जनपद पंचायत, मध्यप्रदेष
समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक,
पंचायत एवं समाज सेवा, मध्यप्रदेष
समस्त आयुक्त/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम/नगर पालिका/
नगर पंचायत, मध्यप्रदेष

विषय :– सामाजिक सुरक्षा पेंषन स्वीकृत करने के मामले में विधवा/परित्यक्त महिलाओं की आयु सीमा का बंधन समाप्त करने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत शासन द्वारा निर्णय लिया है कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना के सम्बन्ध में विधवा/परित्यक्त, महिलाओं को आयु सीमा का बंधन समाप्त किया जाए तथा ऐसी सभी विधवा/परित्यक्त, महिलाओं को निम्नलिखित शर्तों के अधीन पेंषन स्वीकृत की जा सकेगी –

1. जिनकी आयु 18 वर्ष अथवा इससे अधिक हो।
2. जिनके पास कोई भूमि न हो।
3. किसी प्रकार की कोई पेंषन न मिल रही हो।
4. जिनके पास आमदनी का कोई साधन न हो।
5. जिनके कोई वयस्क पुत्र न हो।

विधवा/परित्यक्त महिलाओं के सामाजिक सुरक्षा पेंषन के ऐसे सभी आवेदन पर ग्राम सभाओं को दिए जावेंगे। ग्राम सभायें उक्त आवेदन पत्रों को पात्रता अनुसार जनपद पंचायत को अनुषंसा सहित प्रेषित करेंगी। जनपद पंचायत इन आवेदन पत्रों का परीक्षण कर स्वीकृति के लिए जिला स्तर पर प्रेषित करेंगे। जिला स्तर पर जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिले में पदस्थ संयुकत संचालक/उप संचालक की समिति में परीक्षण उपरांत आवेदन पत्रों पर स्वीकृति दी जावेगी।

वर्तमान में 50 वर्ष से अधिक आयु की विधवा/परित्यक्त महिलाओं, जिनको सामाजिक पेंषन देय है, उनके कोई वयस्क पुत्र हैं तो, उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंषन की पात्रता नहीं होगी।
उक्त निर्णय का क्रियान्वयन दिनांक 1–4–2002 से होगा।
(दो) शासन के उपरोक्त निर्णय से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त ग्राम, पंचायत/सभाओं को भी अवगत कराना सुनिष्चित करेंगे।

मध्यप्रदेष के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेषानुसार

(डॉ0 अनिमेष शुक्ला)
अपर सचिव,
मध्यप्रदेष शासन, समाज कल्याण विभाग

पृष्ठ0क0 एफ. 2–3/2001/2/26 भोपाल, दिनांक 23 जनवरी, 2002

प्रतिलिपि –

1. निजी सचिव, माननीय उप मुख्य मंत्रीजी, समाज कल्याण, भोपाल
2. मुख्य सचिव के उप सचिव, मध्यप्रदेष शासन, मंत्रालय, भोपाल
3. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेष शासन, वित्त/सामान्य प्रषासन/नगरीय प्रषासन एवं विकास/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल
4. आयुक्त, पंचायत एवं समाज सेवा, मध्यप्रदेष, भोपाल की ओर आवष्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। साथ ही पंचायिक पत्रिका के आगामी अंक में उक्त निर्णय प्रकाषनार्थ।
5. संयुक्त संचालक, जनसम्पर्क कक्ष 317, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
6. प्रान्ताध्यक्ष म0प्र. ग्राम सहायक/पंचायत सचिव शासकीय कर्मचारी संघ, सिहोरा जिला–जबलपुर (म.प्र.)
7. सम्पादक, रोजगार और निर्माण/मासिक पंचायिका, माध्यम, अरेरा हिल्स, भोपाल की ओर आगामी अंक में प्रकाषनार्थ।

अवर सचिव
म.प्र. शासन
समाज कल्याण विभाग

मध्यप्रदेष शासन
समाज कल्याण विभाग

मंत्रालय

क्र0 एफ 2–3/2001/26–2 भोपाल, दिनांक 8/3/2002

प्रति,

समस्त संभागायुक्त म.प्र.
समस्त कलेक्टर, म.प्र.
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला/जनपद पंचायत, म.प्र.
समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा, म.प्र.
समस्त आयुक्त/मुख्य कार्यपालन अधिकारी/नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत, मध्यप्रदेष।

विषय – सामाजिक सुरक्षा पेंषन स्वीकृत करने के मामले में विधवा/परित्यक्ता महिलाओं की आयु सीमा का बंधन समाप्त करने के संबंध में।

सन्दर्भ : इस विभाग का समसंख्यक आदेष दिनांक 23.1.2002

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस विभाग द्वारा जारी संदर्भित ओदष की कंडिका–2 में शहरी क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा पेंषन स्वीकृत करने हेतु प्रक्रिया निम्नानुसार प्रतिस्थापित की जाती है :–

2.2 निराश्रित विधवा/परित्यक्ता महिलाओं के सामाजिक सुरक्षा पेंषन के ऐसे सभी आवेदक पत्र नगर पंचायत/नगर पालिका नगर निगम में प्राप्त किये जायेंगें । परीक्षणोपरान्त आवेदन पत्र नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम, जिला स्तरीय समिति को सीधे प्रेषित करेगा। जिलाध्यक्ष जिला पंचात के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जि में पदस्थ संयुक्त संचालक/उप संचालक की समिति, को प्राप्त प्रकरण में, परीक्षणोपरान्त आवेदन पत्र पर स्वीकृति दी जायेगी।

(डॉ0 अनिमेष शुक्ला)
अपर सचिव
मध्यप्रदेष शासन, समाज कल्याण विभाग

पृष्ठ क्र0एफ – 2–3/2001/26–2 भोपाल, दिनांक – 8/23/2002

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, मा0उप मुख्यमंत्री जी, समाज कल्याण, भोपाल
2. मुख्य सचिव के उप सचिव, मध्यप्रदेष शासन, मंत्रालय, भोपाल
3. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेष शासन, वित्त/सामान्य प्रषासन/नगरीय प्रषासन एवं विकास/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
4. आयुक्त, पंचायत एवं समाज सेवा, मध्यप्रदेष,भोपाल की ओर आवष्यक कार्यवाही हेतु एवं ''पंचायिका'' पत्रिका में प्रकाषनार्थ।
5. संयुक्त, संचालन, जन संपर्क कक्ष–317, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रांताध्यक्ष, मध्यप्रदेष ग्राम सहायक/पंचायत सचिव, शा.कर्म.संघ, सिहोरा, जबलपुरा।
7. सम्पादक, रोजगार और निर्माण/मासिक पंचायिका पत्रिका, अरेरा हिल्स, भोपल को और आगामी अंक में प्रकाषनार्थ।

अपर सचिव
मध्य प्रदेष शासन
समाज कल्याण विभाग

मध्य प्रदेष शासन

समाज कल्याण विभाग

मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल–462004

क्रमांक एफ0 2–3/2001/26–2 भोपाल, दिनांक 24 दिसम्बर, 2002

प्रति,

1. समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेष
2. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेष
3. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला/जनपद पंचायत, मध्यप्रदेष
4. समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक, जिला कार्यालय पंचायत एवं समाज कल्याण, मध्यप्रदेष
5. समस्त आयुक्त/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत, मध्यप्रदेष

विषय – सामाजिक सुरक्षा पेंषन स्वीकृत करने के अंतर्गत विधवा/परित्यक्त महिलाओं की पात्रता संबंधी शर्त – ''जिनके कोई वयस्क पुत्र न हो'' समाप्त करने संबंधी।

राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदिष दिनांक 23–1–2002 के पैरा–1 में उल्लेखित विधवा तथा परित्यक्ता महिलाओं के पेंषन मेंपात्रता हेतु 'जिनके कोई वयस्क पुत्र न हो' की शर्त (ट) को एतद्द्वारा विष्लेषित करता है।

उक्त निर्णय के फलस्वरूप ऐसी निराश्रित महिलाओं को उनके वयस्क पुत्र होने के फलस्वरूप राज्य शासन के समसंख्यक आदेष दिनांक 23–1–2002 में कारण पेंषन बंद कर दी गई थी, उन्हें 1 दिसम्बर, 2002 से स्वयं पेंषन की पात्रता होगी।

समसंख्यक आदेष दिनांक 23–1–2002 के अंतर्गत पात्रता की अन्य शेष शर्तों (1) से (iv) तक संदर्भ में विशेष परिस्थितियों में अपवाद स्वरूप पात्रतानुसार शर्तों को षिथिल करने के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित निम्नलिखित समिति को अधिकृत यिका जाता है :–

(1) कलेक्टर अध्यक्ष

(2)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत	सदस्य
(3)	उप संचालक, जिला कार्यालय पंचायत एवं समाज कल्याण	संयोजक

मध्यप्रदेष के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेषानुसर
(ए0के0जेन)
उपसचिव
मध्य प्रदेष शासन, समाज कल्याण विभाग

पृ0कृ0एफ0 2–3/2001/26–2 भोपाल, दिनांक 24 दिसम्बर, 2002

प्रतिलिपि

1. निज सचिव, माननीय मंत्री जी, पंचायत एवं समाज कल्याण, भोपाल
2. मुख्य सचिव के उप सचिव, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
3. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेष शासन, वित्त/सामान्य प्रषासन/नगरीय प्रषासन एवं विकास/पंचायत एवं ग्रामीणविकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल
4. संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा, मध्यप्रदेष, भोपाल
5. संयुक्त संचालक, जनसंपर्क कक्ष क्रमांक–317, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(ए.के.जैन)
उपसचिव
मध्य प्रदेश शासन
समाज कल्याण विभाग

समाज कल्याण विभाग

''मंत्रालय''

बल्लभ भवन, भोपाल – 462004

क्रमांक एफ0 2–16/2000/26–2 भोपाल, दिनांक 1 फरवरी, 2003

प्रति,

समस्त कलेक्टर्स
मध्यप्रदेष ।

विषय : अन्नपूर्णा योजना के पात्र हितग्राहियों को राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन/सामाजिक सुरक्षा पेंषन स्वीकृत करने बावत्।

भारत सरकार द्वारा दिनांक 1–4–2002 से अन्नपूर्णा योजना के लिये पृथक से वित्तीय सहायता समाप्त कर देने के फलस्वरूप राज्य शासन ने अन्नपूर्णा योजना दिनांक 31–जनवरी, 2003 से समाप्त करने का निर्णय लिया है तथा इस योजना के हितग्राहियों की पात्रता की समीक्षा कर पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सूरक्षा पेंषन स्वीकृत करन हेतु निर्देषित किया है। उक्त निर्णय के तारतम्य में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ07–27/2000/29–1 दिनांक 31–1–2003 द्वारा विस्तृत निर्देष जारी किये गये हैं। उक्त ज्ञापन की प्रति संलग्न है।

2. राज्य शासन के उक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि दिनांक 10–2–2003 तक अन्नपूर्णा योजना के हितग्राहियों की जानकारी नगर निगम क्षेत्र में आयुक्त, नगर पालिका/निगम तथा अन्य क्षेत्र में नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को उपलब्ध करायें, तदुपरान्त आयुक्त, नगर पालिका निगम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को यह जिम्मेदारी सौंपी जावे कि वे एक माह के भीतर सामाजिक सुरक्षा पेंषन के मापदंडों के अनुरूप अन्नपूर्णा योजना के समस्त हितग्रहियों की पात्रता का परीक्षण करें तथा पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंषन स्वीकृत करायें।

3. कृपया तद्नुसार कार्यवाही सुनिष्चित कर इस विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(ए0के0जैन)
उपसचिव
मध्यप्रदेष शासन
समाज कल्याण विभाग

पृ0क0एफ02 –16/2000/26–2 भोपाल, दिनांक 1 फरवरी, 2003

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेष शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर उनके ज्ञापन क्रमांक एफ 7–27/2000/29–1, दिनांक 31–01–2003 के संदर्भ में सूचनार्थ
2. समस्त संभागीय आयुक्त, मध्यप्रदेष।
3. आयुक्त, पंचायत एवं समाज कल्याण, मध्यप्रदेष, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मध्यप्रदेष।
5. समस्त, आयुक्त, नगर पालिका निगम, मध्यप्रदेष।
6. समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक जिला कार्यालय पंचायत एवं समाज कल्याण (म.प्र)
7. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, मध्यप्रदेष
8. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पंचायत/नगर पालिका, मध्यप्रदेष।

(ए.के.जैन)
उपसचिव
मध्य प्रदेष शासन
समाज कल्याण विभाग

मध्यप्रदेष शासन

समाज कल्याण विभाग
मंत्रालय

क्रमांक एफ 2–5/2003/26–2 भोपाल, दिनांक 5 मार्च 2003

प्रति,

1. आयुक्त,
पंचायत एवं समाज कल्याण,
मध्यप्रदेष, भोपाल।

2. समस्त संभागायुक्त,
मध्यप्रदेष।

3. समस्त कलेक्टर,
मध्यप्रदेष।

4. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत,.....
मध्यप्रदेष।

5. समस्त संयुक्त संचालक/उपसंचालक,
पंचायत एवं समाज कल्याण, मध्यप्रदेष।

6. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जनपद पंचायत .....
मध्यप्रदेष।

7. समस्त आयुक्त/मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत,
मध्यप्रदेष।

विषयः– एकीकृत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना के क्रियान्वयन हेतु जारी मार्गदर्षिका में संषोधन।

राज्य शासन के ध्यान में यह आया है कि कतिपय जिलों में एकीकृत सामाजिक सुरक्षा पेंषन एवं राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन योजना के अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों से पूर्व में भुगतान की गई राषि वसूली की जा रही है। राज्य शासन द्वारा विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि अपात्र हितग्राहियों से पूर्व में भुगतान की गई राषि वसूल न की जाये।

2. उक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय ज्ञापन क्रमांक एफ–1/59/26–2/95 दिनांक 4–9–96 के द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना के क्रियान्वयन हेतु जारी की गई मार्गदर्षिका की

कंडिका – 6 (2) में अप्राप्त हितग्राहियों से भुगतान की गई पेंषन राषि की वसूली संबंधी निर्देष को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

3. यह स्पष्ट किया जाता है कि सामाजिक सुरक्षा पेंषन एवं राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंषन स्वीकृत करने के अधिकार ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में नगरीय निकायों को प्रदत्त किये गये हैं। अतः यह निकाय सुनिष्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में अप्राप्त हितग्राहियों को पेंषन स्वीकृत न की जावे तथा पात्र हितग्राही पेंषन से वंचित न हों।

उपरोक्त निर्देषों का तत्काल प्रभाव से पालन सुनिष्चित किया जाये।

